

**फरीदाबाद-हरियाणा।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,वाईएमसीए,फरीदाबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में आने पर उनसे मुलाकात कर सम्मानित करने के पश्चात् उनके साथ उपस्थित हैं ब्र.कु. मुन्नी दीदी, ब्र.कु. सुभद्रा दीदी, ब्र.कु. उषा दीदी, ब्र.कु. पूजा बहन, ब्र.कु. राधेश्याम भाई, ब्र.कु. सुंदर भाई व ब्र.कु. एम.एन. पंडिता भाई।



**पटना-पटेल नगर(बिहार)।** शिक्षा राज्यमंत्री सुनील कुमार को ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय माउण्ट आबू आने का निमंत्रण देने के पश्चात् ओमशान्ति मीडिया पत्रिका भेंट करते हुए ब्र.कु. मृदुल बहन।

हमारे संस्कार हमारी एक्टिविटी, दृष्टि और शब्दों को प्रभावित करते...

# जिसका त्याग महान उसका योग गहरा

जैसा कि पिछले अंक में आपने पढ़ा कि पुरूषार्थ में दो बातें कही जाती हैं- एक अटेन्शन दो, दूसरा चेकिंग करो। हम अटेन्शन उस बात पर दें, जो कॉन्शियसनेस है और जो सबकॉन्शियस माइंड है, संस्कार हैं, जो छिपे हुए हमारे भाव हैं, जो हमारी वृत्ति-दृष्टि को प्रभावित करते हैं उनकी चेकिंग करने की ज़रूरत है। अब आगे...



राजयोगी ब्र.कु. जगदीशचन्द्र हसीजा

**जिसका त्याग महान् होगा, उसका योग गहरा होगा। इसलिए त्याग के साथ तपस्या का संबंध है। जब तक त्याग की वृत्ति प्रबल नहीं है, तब तक तपस्या की स्टेज निखर कर नहीं आ सकती।**

## योग की गहराइयों का अनुभव करने के लिए कुछ मुख्य बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है-

**1. आसक्ति :** अन्दर छिपी हुई जो आसक्तियां हैं, जो हमें प्रभावित करती हैं, अपनी ओर खींचती हैं- ऐसा खाना चाहिए, ऐसा पहनने को चाहिए, यह सहूलियतें चाहिए... वह चीज़ें जो हमें आकर्षित करती हैं, जिन डोरों से हम बंधे हुए हैं, उस पर पहले अटेन्शन दें कि जो एक्टिविटी हम कर रहे हैं वह किसी आसक्ति के वशीभूत तो नहीं है। उसके लिए बाबा बार-बार कहते हैं- कर्मेन्द्रियों पर विजय प्राप्त करो। हमारा योग यही सिखाता है कि यह जो पदार्थ व व्यक्ति हैं या कर्मेन्द्रियों के जो विषय हैं, उसके प्रति आकर्षण न हो। यही आसक्तियां हैं। आसक्ति का परिणाम है परिग्रह। चीज़ों को इकट्ठा करने की हम कोशिश करेंगे। कोई चीज़ विशेष अच्छी लगी तो वह काफी मात्रा में अपने पास जमा कर लेंगे। सुनने की आसक्ति होगी तो कैसेट बजती ही रहे, उसमें फिर एकान्त का अनुभव खत्म हो जायेगा। जिस-जिस विषय की आसक्ति होगी उसमें और आगे ही बढ़ेंगे। चीज़ें इकट्ठी करते जायेंगे और कहेंगे- हमारा तो सहजयोग है ना। परन्तु हमें जो आसक्ति खींच रही है उसकी चेकिंग हम नहीं करते। हम अपने व्यवहार पर अटेन्शन नहीं देते। लोगों को हम त्याग की बातें सुना देंगे लेकिन अपने पर वह लागू नहीं करेंगे। क्योंकि इससे विवेक पर पर्दा आ जाता है। हम साधना पर ध्यान न देकर साधनों को इकट्ठा करने लग जाते हैं तो योग की जो गहराई है या उसकी जो ऊंचाई या लम्बाई है उसका अनुभव नहीं होता। इसके लिए बाबा ने त्याग पर समझाया है। इसका इलाज ही है त्याग। जिसका त्याग महान् होगा, उसका योग गहरा होगा। इसलिए त्याग के साथ तपस्या का संबंध है। जब तक त्याग की वृत्ति प्रबल नहीं है, तब तक तपस्या की स्टेज निखर कर नहीं आ सकती। अगर कहीं पर भी हमारा मन उलझा हुआ होगा तो वह अपनी तरफ खीचेंगा और गहरे अनुभव नहीं हो पायेंगे।

- क्रमशः



**वज़ीरगंज-अयोध्या(उ.प्र.)।** सांसद अवधेश प्रसाद से आध्यात्मिक ज्ञानचर्चा के पश्चात् उन्हें ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. पूनम बहन एवं ब्र.कु. शशि बहन।



**प्रयागराज-कीट गंज(उ.प्र.)।** पुलिस महानिरीक्षक भानु भास्कर को रक्षासूत्र बांधते हुए ब्र.कु. मनोरमा दीदी।



**जयपुर-श्रीनिवास नगर(राज.)।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित चैतन्य झाँकी के शुभारंभ में श्रीमती संतोष अग्रवाल,काउंसलर जयपुर नगर निगम,ग्रेटर, डॉ. संजय गोयल,यूरोलॉजिस्ट एवं डायरेक्टर गोयल यूरोलॉजी हॉस्पिटल, डॉ. पूनम गोयल,चाइल्ड स्पेशलिस्ट, सुशील शर्मा,पूर्व पार्षद जयपुर नगर निगम व सोशल वर्कर, राजेंद्र शर्मा,चार्टर्ड अकाउंटेंट आदि विशिष्ट लोगों सहित सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. प्रेमलता बहन, ब्र.कु. कविता बहन, ब्र.कु. मीना बहन व अन्य भाई-बहनें शामिल रहे।



**मिरज़ापुर-उ.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु उपहार भवन शुक्लहा में 'यौगिक खेती द्वारा सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर किसान' विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के सभी अधिकारी, कृषि विभाग जॉइंट डायरेक्टर अशोक उपाध्याय, कृषि निदेशक विकेश पटेल, बी.एच.यू. कृषि वैज्ञानिक राम सिंह, ब्रदी विशाल,सहायक निदेशक,कृषि विभाग लखनऊ, ब्रह्माकुमारीज़ बनारस ज़ोन संचालिका ब्र.कु. सुरेंद्र दीदी, ज़ोन प्रबंधक ब्र.कु. दीपेंद्र भाई, बनारस ज़ोन के वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. पंकज भाई, स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. बिंदु दीदी व अन्य भाई-बहनों सहित 250 किसान मौजूद रहे। इस मौके पर सभी किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ ही सम्मानित भी किया गया।



**दिल्ली।** बेल-ला-मोंड होटल में आयोजित समारोह में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुष्मिता सेन द्वारा 183 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके को विश्व में भारत के प्राचीन राजयोग का प्रचार-प्रसार करने के लिए 'आईएफए-2024' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ वसंत विहार सेवाकेंद्र की संचालिका ब्र.कु. क्षीरा दीदी उपस्थित रहीं।



**पटना सिटी-पंचवटी कॉलोनी(बिहार)।** ब्र.कु. रामनाथ भाई,माउण्ट आबू ने पटना साहिब स्थित श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए गुरुद्वारा के अधीक्षक श्री दलजीत सिंह।